प्रेस नोट संख्या – 21

दिनांक – 23.11.2024

सराहनीय कार्य डायल 112 पुलिस जनपद अमेठी ।

कालर की सूचना पर पीआरवी UP32DG5351 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर हत्या के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले व्यक्ति को पकड़ा व 01 पिस्टल व 01 खोखा कारतूस 7.65mm बरामद ।

दिनांक 22.11.2024 को समय 06.58 बजे शाम को कालर सविता मौर्या पुत्री राम आधार मौर्या निवासी ग्राम हरगांव थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा सूचना दी गयी कि हमारा भाई हम लोगों को जान से मारने की उद्देश्य से फायरिंग कर रहा है। उक्त सूचना पर पीआरवी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर कालर उपरोक्त के भाई सर्वेश मौर्या पुत्र रामआधार मौर्या निवासी ग्राम हरगांव थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को मौके पर पकड़ कर प्रभारी निरीक्षक थाना जामो को सूचना दी गयी। उ0नि0 हवलदार यादव थाना जामो मय हमराही द्वारा तत्काल मौके पर पहुच कर अभियुक्त सर्वेश उपरोक्त को मौके से समय करीब 08.20 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 01 पिस्टल व 01 खोखा 7.65mm बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरा और मेरी माता के साथ आपसी बातों को लेकर विवाद चला करता था। जिससे गुस्से में आकर मैंने जान से मारने के उद्देश्य से अपनी मां के ऊपर फायर कर दिया था। लेकिन गोली नहीं लगी थी। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- सर्वेश मौर्या पुत्र रामाआधार मौर्या उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम हरगांव थाना जामो जनपद अमेठी।

बरामदगी-

- 01 अदद पिस्टल व 01 अदद खोखा कारतूस 7.65mm ।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 284/24 धारा 109, 351(3) बी0एन0एस0 एवं 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

112 पीआरवी टीम –

1. कमाण्डर हे0का0 पवन कुमार यादव
2. सब-कमाण्डर आयुष शुक्ला
3. पायलट जावेद अख्तर

थाना जामों पुलिस टीम –

1. उ0नि0 हवलदार यादव जनपद अमेठी।
2. का0 सुनील यादव थाना जामो जनपद अमेठी।